एक नजर में

कांग्रेस पार्टी के कृत्य की घोर निंदा की

देवास। इंदौर मध्य प्रदेश में शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं पर षडयंत्र पूर्वक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए हमले में भाजपा महिला मोर्चा की एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता को चोटे आई इस कार्य की घोर निंदा भाजपा के नेताओं एवं मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन ने इस कृतकी घोर निन्दा कि है निन्दा करने वालों में नरेंद्र कांसल राजेन्द्र पंचोली पवन हिंदू सुरेश वर्मा अरुण बडोनिया लोकेंद्र दरबार धर्मेंद्र जायसवाल दीपचंद गवली नरेंद्र वर्मा गोवर्धन सिरा कचरू राठौर शिव राठौर दिनेश पंचोली मनोहर राठौर संतोष मुकाती पप्पी राव घनश्याम पटेल सुनील पटेल संतोष चौबे अनिरुद्ध शर्मा लखन उईके अमर सिंह मीणा महेश जारवाल गोविंद जोनवाल संतोष जोनवाल पुरुषोत्तम जोनवाल ओम गोमलाडू हरिओम जारेडा शिव मैहर शिव गवली केदार थुरवाल आदि भाजपा कार्यकर्ता एवं अटल फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने निंदा की है।

शिवाज्ञा संस्था फाउंडेशन ने किया कंबलों का वितरण

देवास। शिवाज्ञा संस्था फाउंडेशन द्वारा शनिवार 21 फरवरी को शनि मंदिर, खेड़ापति मंदिर, सयाजी द्वार चौपाटी पर गरीबों में कंबल वितरण किए गए। संस्था ने सभी सक्षम लोगों से अपील की है कि जरूरतमंदों की मदद करें। साथ में ये भी कहा गया कि आपके पास जो अनुपयोगी वस्तु है वो किसी जरूरतमंद तक पहुंचे इसका प्रयास करे। संस्था द्वारा सदैव असहायों की मदद की जाती है।

सीता श्रीवास्तव बनी महिला जिला अध्यक्ष

देवास। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की प्रदेश अध्यक्ष अनुपमा श्रीवास्तव की अनुशंसा पर सीता श्रीवास्तव की सामाजिक सक्रियता, कर्मठता, मधुर व्यवहार एवं कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला पदाधिकारियों ने पुनः सीता श्रीवास्तव को देवास जिला की महिला जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सदस्यों एवं स्नेहीजनों ने श्रीमती श्रीवास्तव को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। पूर्ण विश्वास है कि सीता श्रीवास्तव अपनी कार्य कुशलता ,संगठन शक्ति से समाज को नए आयाम प्रदान करेंगी।

कलेक्टर ने कंप्यूटर लैब का किया शुभारंभ

देवास। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने दृष्टिहीन कन्या विद्यालय में नवनिर्मित कंप्यूटर लैब का शुभारंभ किया। यह लैब स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) देवास द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के अंतर्गत निर्मित की गई है। बैंक ने विद्यालय को पूर्ण सुसज्जित कंप्यूटर लैब प्रदान करने के साथ-साथ तीन आधुनिक कंप्यूटर भी भेंट किए हैं। शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह ने कहा, एसबीआई बैंक द्वारा बहुत ही सुंदर एवं उपयोगी कंप्यूटर लैब तैयार की गई है, इसके लिए मैं बैंक का हृदय से धन्यवाद देता हूं। यह पुण्य का कार्य है। संस्था के सभी सदस्य इन बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अथक प्रयास कर रहे हैं। संस्था द्वारा बालिकाओं के कौशल विकास हेतु निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। अब कंप्यूटर लैब एवं कंप्यूटरों की उपलब्धता से ये बालिकाएं कंप्यूटर के क्षेत्र में भी निपुणता प्राप्त कर जीवन में आगे बढ़ सकेंगी। इस दौरान कलेक्टर ने छात्रों से चर्चा भी की। कार्यक्रम की शुरुआत अर्चना चतुर्वेदी द्वारा प्रस्तुत शिव वंदना एवं विद्यालय की बालिकाओं द्वारा गाए गए स्वागत गीत से हुई। बालिकाओं ने हारमोनियम एवं तबला की संगत में शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री सिंह ने क्रिकेट की शिक्षिका पूजा वर्मा एवं क्रिकेट टीम की बालिकाओं निकिता, नंदिनी, शिवानी, रेणुका एवं कुमारी आरती को पुष्पमाला पहनाकर एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सामाजिक न्याय विभाग की उप संचालक संगीता यादव , एसबीआई बैंक देवास के क्षेत्रीय प्रबंधक विजय नाथ मिश्रा, संस्था के संरक्षक बलजीत सिंह सलूजा, अध्यक्ष राजेंद्र मूंदड़ा सहित अन्य पदाधिकारी, एसबीआई से पूर्ति जैन, श्वेता, सुनील मेहता तथा सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे। आभार विद्यालय की प्राचार्य सीमा सोनी ने व्यक्त किया।

ग्राम गुवाड़ी में कृषक संगोष्ठी का आयोजन

देवास। विकासखंड बागली के अंतर्गत ग्राम गुवाड़ी में सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा अंतर्गत किसान संगोष्ठी में प्राकृतिक खेती करने हेतु 100 किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। कृषि विज्ञान केंद्र देवास के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ आर पी शर्मा ,परियोजना संचालक आत्मा एम एल सोलंकी,विकासखंड तकनीकी प्रबंधक आत्मा लोकेश मालवीय ,पशुपालन विभाग के एवीएफओ अनिल कुमार योगी ,क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी शैलेष चंद्र भगोरे ने किसानों की समस्या सुनकर समाधान बताएं। कृषि विज्ञान केंद्र देवास से पधारे प्रमुख वैज्ञानिक डॉ आर पी शर्मा ने कहा कि प्राकृतिक खेती देसी गाय के गोबर और गोमूत्र पर आधारित हैं प्राकृतिक खेती में जीवामृत, घन जीवामृत, बीजामृत का प्रयोग किया जाता है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए जिले के चयनित कृषकों को प्रशिक्षण देते हुवे प्राकृतिक खेती पूर्णतरू रासायनिक उर्वरक कीटनाशक व खरपतवार नाशक से मुक्त है ।प्राकृतिक जैविक खेति करने वालें किसानों को धरती मां खुब आशीर्वाद देगी। ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर आत्मा लोकेश मालवीय ने किसानों को रसायनिक खेती से प्राकृतिक खेती में कैसे काम किया जाये, जिससे किसान की लागत कम हो एवं मिट्टी की हालत ठीक हो के बारे में बताया । कृषि विस्तार अधिकारी श्री भगोरे ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा ख़रीफ़ एव रबी फ़सलो की किस्मो एवं समसामयिक रोग कीटो का निदान बताया। परियोजना संचालक आत्मा एम एल सोलंकी ने बताया की एक एकड़ क्षेत्र के लिए जीवामृत बनाने के लिए देसी गाय का गोबर 10 किलोग्राम, देसी गाय का गोमूत्र 10 लीटर,गुड़ व बेसन 1 से 2 किलो एवं बरगद या पीपल के पेड़ के नीचे की मिट्टी एक किलोग्राम को 200 लीटर पानी में तैयार किया जाता है। 3 से 4 दिनों में जीवामृत तैयार हो जाता है। जीवामृत को खेत में डालने से मृदा में जीवाणुओं की संख्या में वृद्धि व प्राकृतिक तरीके से पोषक तत्वों में वृद्धि होती हैं। पशुपालन विभाग के एवीएफओ अनिल कुमार योगी ने किसानो को पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। किसानो को पशु केसीसी की जानकारी भी दी। ग्राम गुवाड़ी के उन्नत कृषक भगवान सिंह कासलीवाल ने आभार प्रकट किया।

4 करोड़ की सड़क में बड़ा खेल, डामर बिछने से पहले उखड़ने लगी परत

सिंहस्थ मद की राशि पर उठे गंभीर सवाल

देवास। विधानसभा क्षेत्र के पटलावदा से सिलाखेड़ी तक बन रही लगभग 3.75 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य अब बड़े सवालों के घेरे में है। सिंहस्थ मद से लगभग 4 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से तैयार हो रहा यह मार्ग डामर बिछाने से पहले ही कई स्थानों पर उखड़ता दिखाई दे रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है। सड़क की बेस परत कमजोर बताई जा रही है और कई जगहों पर सामग्री हाथ लगाने मात्र से बिखरती दिखाई दे रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि अभी से यह स्थिति है तो कुछ ही महीनों में सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो सकती है। यह निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अंतर्गत किया जा रहा है। बावजूद इसके, निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि पूर्व में भी यह मार्ग हर वर्ष खराब होता रहा है और अब करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी हालात नहीं सुधरे। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते उच्च स्तरीय तकनीकी जांच नहीं कराई गई तो शासन की राशि का दुरुपयोग हो सकता है। उन्होंने थर्ड पार्टी गुणवत्ता परीक्षण और जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र में यह मुद्दा तेजी से चर्चा का विषय बनता जा रहा है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या रुख अपनाता है। इसी संबंध में जब लोक निर्माण विभाग अधिकारी मोहन डेहरीया से बात करना चाहिए तो उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा

भारत विकास परिषद ने दो शासकीय स्कूलों में पानी की केन भेंट की

देवास। भारत विकास परिषद देवास शाखा द्वारा 7 फरवरी को शासकीय स्कूल क्रमांक 7, पुलिस लाइन में बच्चों व शिक्षिकाओं की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पानी के 3 वाटर कैन की मांग रखी गई थी। इस आवश्यकता की पूर्ति भारत विकास परिषद द्वारा की गई और तीन वाटर कैन उपलब्ध कराए गए। इसी प्रकार विवेकानंद स्कूल में 21 फ़रवरी को राधा बाई हायर सेकंडरी स्कूल में भी वॉटर कैन भारत विकास परिषद द्वारा उपलब्ध कराए गए। उक्त कार्यक्रम में भारत विकास परिषद अध्यक्ष डॉ मीना राव, सचिव अंतिम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शालिनी चव्हाण उपस्थित थी। शासकीय स्कूल क्र.7 एवं राधाबाई हायर सेकंडरी स्कूल ने केन उपलब्ध करवाने पर भारत विकास परिषद का आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी कीर्ति चव्हाण ने दी।

शिवराज की प्रेरणा से पौधा लगा रही लाडली बहना

देवास। भारत सरकार के कृषि मंत्री एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कि प्रेरणा से आत्मनिर्भर भारत योजना प्रकोष्ठ अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन की जिला अध्यक्ष एवं कबीर स्वयं सहायता समूह बोरानी की अध्यक्ष चमेली नायक के मार्गदर्शन में गांव में एवं क्षेत्र में लाडली बहनाये प्रतिदिन पौधा लगाने का आह्वान कर रही है एवं अपने निवास से पौधा वितरण भी कर रही है ज्ञात रहे की भारत सरकार के कृषि मंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा अपील की गई थी कि लखपति दिदिया जो बनने वाली है जिनकी प्रदेश में 3 करोड़ संख्या है यदि प्रत्येक दीदी एक-एक पौधा एक-एक दिन भी लगती है तो प्रदेश में 3 करोड़ पौधे तो सहज भाव से लग जाएंगे इसी विनम्र अपील से प्रभावित होकर के आत्मनिर्भर भारत योजना प्रकोष्ठ मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन की जिला अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत कन्नौद के मार्गदर्शन में चल रहे कबीर स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष चमेली नायक के मार्गदर्शन में ग्राम बोरानी में विभिन्न प्रजातियों के पौधे वितरित किए गए श्री चमेली नायक ने बताया कि इस अपील को हम ग्राम संगठन के माध्यम से समूह की दिदियो स्व प्रेरित कर गांव गांव बैठक के माध्यम से पौधे लगाने हेतु प्रेरित करेंगे इस कार्य को आगे बढ़ाने के लिए मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भी सहयोग करेगी।

भाजपा कार्यकर्ता कर रहे हैं कांग्रेस जनों पर हमला : गौतम

सेवा दल ने किया मासिक ध्वज वंदन

देवास। कांग्रेस सेवा दल ने रविवार को जवाहर चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय के बाहर मासिक झंडा वंदन का कार्यक्रम सेवादल के जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह दरबार के नेतृत्व में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के नेता विपक्ष का मुंह बंद करना चाहते हैं वे चाहते हैं कि विपक्ष पूरी तरह से समाप्त हो जाए। शनिवार को प्रदेश के अनेक कांग्रेस कार्यालयों पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जनों पर हमला किया। कई कांग्रेसजनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्रजातंत्र में इस तरह की घटना का कोई स्थान नहीं है। जबकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कभी भी इस तरह का कृत्य नहीं किया जो प्रजातंत्र को कलंकित करें। हमारे पास सेवादल जैसा अनुशासित संगठन है जो कांग्रेस की रीड की हड्डी है। हम महात्मा गांधी के अनुयाई है और सत्य और अहिंसा में भरोसा रखते हुए काम करते हैं। सेवादल ने मासिक झंडा वंदन का जो कार्यक्रम आयोजित किया है वह बहुत ही सराहनीय है। साथ ही सेवा दल के जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह दरबार ने सेवा दल की जानकारी देते हुए कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर राष्ट्रगीत, ध्वज गीत, राष्ट्रगान भी गाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता भगवान सिंह चावड़ा, सुधीर शर्मा, विक्रम मुकाती, श्रीराम कुमावत, विश्वजीत सिंह चौहान, जितेंद्र सिंह गौड़, पोपसिंह परिहार, राजेंद्रसिंह बेस, दिलीपसिंह सोलंकी, कैलाश पटेल, हाफिज घोसी, पंकज वर्मा, कल्याण सिंह पवार, गोविंद मालतारे, प्रेम नारायण पटेल, कालूसिंह, लखन लोधी, विकास पटेल, सुभाष यादव, अनिल भाट, गजेंद्र सिंह तोमर, मनीष मंगलेश्वरी, बाबूलाल गुजराती, मदनलाल मुकाती, हाफिज घोसी, बलराम पटेल, धर्मेंद्र पटेल, मलखान सिंह देवड़ा, राकेश पाटीदार, भूपेश पालीवाल, महेंद्र धारू, धर्मेंद्र पटेल, ईश्वरलाल देवानिया, ईश्वर अरोड़ा, राजेश एरावल, प्रहलाद नागर, राजेश देवड़ा, बलराम यादव, सुभाष यादव, राजेश शिप्रा, कालू सिंह, जय प्रकाश मालवीय, विकास पटेल, बाबूलाल गुजराती,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे। अंत में आभार यंग ब्रिगेड अध्यक्ष गुलाब सिंह ठाकुर ने माना।

पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ की बैठक में टोंकखुर्द तहसील का गठन

मालवीय अध्यक्ष, सोलंकी सचिव नियुक्त

देवास। 22 फरवरी रविवार को टोंकखुर्द तहसील इकाई की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ के संस्थापक संरक्षक एम एल मालवीय देवड़ा के मार्गदर्शन एवं जिला अध्यक्ष पण्डित देवीशंकर तिवारी की अध्यक्षता, देवास तहसील अध्यक्ष अनिल कुमार नागर की उपस्थिति में टोंकखुर्द तहसील इकाई की बैठक में संघ का गठन किया गया। जिला सचिव अरविंद शर्मा ने संचालन करते हुए उपस्थित सभी सदस्यों की सहमति होने पर बताया कि अध्यक्ष जयरामसिंह मालवीय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष समंदरसिंह मालवीय, उपाध्यक्ष पन्नालाल मालवीय, सचिव गोवर्धनसिंह सोलंकी, सहसचिव दरियावसिंह मालवीय, कोषाध्यक्ष शिवजीराम सूर्यवंशी को बनाया गया। कार्यकारिणी में प्रहलादसिंह गंधावलिया, उमरावसिंह मालवीय, सेवाराम सोलंकी, राजाराम परमार, करणसिंह चौहान, भेरूलाल मालवीय को सदस्य मनोनीत किया गया। नवीन कार्यकारिणी ने गठन के बाद आयोजित बैठक में तय किया गया कि इस वर्ष प्रति सदस्य वार्षिक शुल्क 300 रुपए लिए जायेंगे एवं वर्ष की साधारण सभा सम्मेलन में संगठन के पंजीकृत 75 वर्ष से अधिक आयु के सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। मिडिल, हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा में तहसील टोंकखुर्द में सर्वाधिक अंक लाने वाले एक एक छात्र को नकद पुरस्कार एवं ट्राफी प्रदान की जायेगी। विशेष रूप से इस बार निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित कर मोतिया बिंद के आपरेशन किये जावेंगे। उनके लाने ले जाने और भोजन की निशुल्क व्यवस्था रहेगी। पेंशनर्स साथियों की समस्याओं के निराकारण हेतु संबंधित विभाग को पत्र लिख करके निराकरण किया जाएगा एवं जिला स्तर पर पेंशन फोरम की बैठक हेतु प्रकरण जिले को भेजे, साथ ही तय किया गया कि निर्धन बस्तियों में जा कर के दिपावली, दशहरा, आदि त्यौहार मनाए जाएंगे। झुग्गी बस्तियों में आवश्यकता अनुसार निशुल्क कपड़े एवं गरम स्वेटर आदि दिए जाएंगे। उक्त बैठक में अन्य सदस्य-एवं वरिष्ठ नागरिक भी उपस्थित हुए। अंत में राष्ट्रगान किया गया एवं दिवंगत पेंशनरों को सामूहिक रूप से श्रद्धांजलि दी गई। टोंकखुर्द तहसील कार्यकारिणी की अगली बैठक टोंकखुर्द गोपेश्वर मंदिर परिसर में 10 मार्च को होगी। आभार प्रदर्शन उमरावसिंह मालवीय ने किया।

उड़ान-अकादमिक फेयर का आयोजन

देवास। नारायणा ई-टेक्नो स्कूल, देवास में रविवार को उड़ान अकादमिक फेयर एवं आर्ट फेस्ट 2026 का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम डीजीएम शेख अब्दुल सलाम, प्रिंसिपल पी. जे. टॉमस, मुख्य अतिथि प्रदीप शर्मा (डीजीएम, बैंक नोट प्रेस, देवास), ब्रांच मैनेजर पूनम पुरोहित, अकादमिक डीन ओवेज़ शेख तथा वाइस प्रिंसिपल अमृता अवस्थी और साक्षी पाठक की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में रंगारंग नृत्य व संगीत प्रस्तुतियाँ हुईं। योग प्रदर्शन गतिविधि ने विद्यार्थियों में फिटनेस और उत्साह को बढ़ावा दिया। विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित, कंप्यूटर, अंग्रेज़ी, संस्कृत और हिंदी सहित विभिन्न विषयों पर आधारित नवाचारी प्रोजेक्ट्स व कार्यशील मॉडल प्रस्तुत किए। आर्ट एंड क्राफ्ट गैलरी विद्यार्थियों की रचनात्मकता का प्रमुख आकर्षण रही। द मिस्ट्री ऑफ द मिसिंग ट्रॉफी गतिविधि में अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शेफटास्टिका क्लब के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वच्छता के साथ व्यंजन प्रस्तुत कर उनके स्वास्थ्य लाभ बताए। कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल पी. जे. टॉमस ने आभार व्यक्त किया।

एक नजर सीता मंदिर पर आयोजित मेले की अवधि छह दिन और बढ़ाई

हाट बाजार प्राचीन संस्कृति के साथ-साथ हमारी मानव सभ्यता से भी जुड़ा है

बागली। झाबुआ कुक्षी पाटी अली राज पुर की तरह बागली विधान सभा क्षेत्र में भी आदिवासियों का परंपरागत भोगंरीया हाट पूरे उमंग और मस्ती के साथ मनाया जाता है। इस बार 4 मार्च को होली पर्व होने की वजह से बुधवार 25 फरवरी से ही भोगंरिया हाट का शुभारंभ हो रहा है। इस पारंपरिक संस्कृति से जुड़े भोगंरिया हाट बाजार को और भी आकर्षक बनाने के लिए पिपरी वासियों ने अनूठी पहल प्रस्तुत की है। 4 फरवरी से 19 फरवरी तक सीता मंदिर पर परंपरागत मेले का आयोजन संपन्न हुआ इसी बीच पिपरी ग्राम पंचायत और यहां के व्यापारियों ने अनूठी पहल करते हुए उक्त मेले की अवधि 6 दिन और बढ़ाते हुए इस मेले को 2 फरवरी तक जारी रखने का निर्णय लिया इसके पीछे कारण यह रहा की वर्तमान पिपरी ग्राम पंचायत में सड़कों का एवं नालियों का निर्माण होने की वजह से पिपरी मुख्यालय की धरातल स्थिति है। अस्त व्यस्त हे ओर ऐसी अवस्था में क्षेत्रीय भोगंरिया हॉट बाजार अपने पूर्ण वैभव को प्राप्त नहीं कर सकता इसलिए सर्वसम्मति से निर्णय लेकर शासन से अनुमति लेकर मेले की अवधि आपसी सहमति से 25 फरवरी बुधवार तक बढ़ा दी गई है। वीदीत हो कि बुधवार 25 फरवरी को पिपरी में परंपरागत साप्ताहिक आठ बाजार लगता है और 25 फरवरी को यह हाट भगोरिया पर्व के रूप में संचालित होगा । इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र से जुड़े 20 से अधिक गांवो के आदिवासी कुटुम कबीले हाट मेले में आएंगे और परंपरागत वेशभूषा के साथ खुशी आनंद का आगाज करेंगे आगामी 6 दिनों तक अन्य स्थानों पर इसी प्रकार हाट लगाये जाएगें जिसमें 26 फरवरी गुरुवार रामपुरा और अन्य जगह 27 फरवरी शुक्रवार चापड़ा 1 मार्च को बागली 2 मार्च को पूजां पूरा 3 मार्च को उदय नगर में भी इस प्रकार का हाट बाजार आयोजित होगा 56 प्रतिशत आदिवासी बाहुल्य बागली विधानसभा में होली पर्व के साथ दिनों तक लगने वाले है बाजार को उत्साह के साथ मनाया जाता है ।आदिवासी जन नेता नंदू सिंह रावत एवं गोपाल भोसले ने बताया कि 8 दिन तक अलग-अलग स्थान पर आयोजित होने वाले इन बाजारों का लंबे समय से प्रचलन है। इस दौरान आदिवासी संस्कृति से जुड़े परिवार पारंपरिक वेशभूषा में बाजार में आते हैं इस दौरान आदिवासी नृत्य मुख्य आकर्षण रहता है । और यह परिवार नजदीक के क्षेत्र में जहां पर सामूहिक रूप से है बाजार लगता है। उस स्थान पर जाकर आवश्यकता की खरीदारी । तथा अन्य क्षेत्र से आए परिवारों से परिचित होते हैं । इस प्रकार के हाट बाजार की तैयारी एक माह पूर्व से शुरू हो जाती है। यह बात सही होली पर्व आने वाले यह हाट बाजार प्राचीन संस्कृति से जुडा होने के साथ-साथ हमारी मानव सभ्यता से भी जुड़ा है। लेकिन इसके पीछे मुख्य कारण प्रकृति परिवर्तन भी है। और आदिवासी समुदाय हमेशा प्रकृति प्रेमी रहा है यह संदेश दिया जाता है। कि प्रकृति को सुरक्षित यही लोग रख सकते हैं। इसलिए उनकी सुविधाओं का ध्यान भी शासन प्रशासन को दिया जाना चाहिए हालांकि आधुनिकता के चलते नृत्य शैली और नृत्य में थोड़ा बहुत परिवर्तन आया है । लेकिन आकर्षण कम नही हुवा हे। अभी भी आदिवासी संस्कृति से जुड़े आभूषण और वस्त्रो का प्रचलन देखा जा सकता है। साथ ही नंदू रावत ने बताया कि पहले के समय में सोशल मीडिया नहीं था और आने-जाने के साधन भी कम थे ऐसे में एक दूसरे से मिलने का और परिचय करने का सबसे सुलभ व्यवस्था हाट बाजार ही होता रहा था। इस वक्त दूर से ही शादी योग्य लड़के लड़कियों को दूर से दिखा दिया जाता था। फिर समाज के बड़े लोग मिलकर आगे बात बढ़ते थे । बोल बम कावड़ यात्रा के संयोजक गिरधर गुप्ता ने बताया कि मेले की अवधि बढ़ाने का निर्णय व्यापारियों के लिए भी खुशी की बात है। इस बार पिपरी का भोगंरीया हॉट ऐतिहासिक रूप में रहेगा पहली बार किसी है । बाजार को मेले की सूरत मिली है। साथ ही बताया कि इस मेले में जलेबी पान कुल्फी और शरबत का विशेष आकर्षण रहता है। जिस प्रकार दीपावली और दशहरा पर्व मनाया जाता है। उसी प्रकार आदिवासी समाज इस पर्व को मनाने के लिए कई दिनों से तैयारी करते हैं। बागली विधायक मुरली भंवरा ने संस्कृति प्रेमी सभी आदिवासी भाइयों को आगामी हॉट बाजारो की बधाई देते हुए कहा कि हमारी संस्कृति दुनिया की प्राचीन संस्कृति में शामिल है।

प्राचीन काल से ही हमें वनों की रक्षा करने वाला वनवासी बताया गया है ।जिसका दायित्व हम ईमानदारी से निभाए और पर्व को शांति सद्भाव के साथ उत्साहपूर्वक मनाये राष्ट्रभक्ति हमारी रामायण काल से ही जुड़ी हुई है। राम की सेवा में वनवासियों की संख्या भी बहुत रही है।